# विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम बुधवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-14 का उत्तर

| प्रश्न | | | उत्तर | |
|---|---|---|---|---|
| 14 | क- | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में खाद्य एवं रसद विभाग का बजट कितना था, और उक्त विभाग के अन्तर्गत जनता को लाभ प्राप्त कराये जाने हेतु कौन-कौन सी योजनांए प्रचलित है ? | वित्तीय वर्ष 2023-24 में खाद्य एवं रसद विभाग के बजट का मदवार विवरण निम्नवत है :- | |
| | | | लेखाशीर्षक | बजट प्राविधान (धनराशि लाख रूपये में ) |
| | | | 2408-01-001-02-एफ0पी0एस0 आटोमेंशन एवं डी0बी0टी योजना<br>2408-01-001-03-अधिष्ठान व्यय<br>2408-01-001-04-राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013<br>3456-00-102-03-निःशुल्क खाद्यान्न, साबुत चना, आयोडाइज्ड नमक एवं रिफाइन्ड सोयाबीन ऑयल एवं उज्जवला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेण्डर रिफिल | 0.04<br>45235.50<br>350.75<br>304748.00 |
| | | | कुल योग राजस्व मद | 350334.29 |
| | | | 4070-800-05-14-खाद्य एवं रसद विभाग के कार्यालय उपयोगार्थ वाहनों का क्रय<br>4408-01-101-03-अन्न पूर्ति योजना<br>4408-01-800-04-खाण्डसारी शक्कर वितरण योजना | 100.00<br>2179125.00<br>21840.00 |
| | | | कुल योग पूंजीगत मद | 2201065.00 |
| | | | राजस्व+ पूंजीगत मद कुल योग | 2551399.29 |
| | | | खाद्य एवं रसद विभाग के अन्तर्गत जनता को लाभ प्राप्त कराये जाने हेतु योजनाओं का विवरण निम्नवत है- | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | क्र0 सं0 | लेखाशीर्षक जिसके माध्यम से जनता को लाभ प्राप्त कराया जाता है। | विवरण |
| | | | 1- | 3456-सिविल पूर्ति-102-सिविल पूर्ति योजना-03-निःशुल्क खाद्यान्न, साबुत चना, आयोडाइज्ड नमक एवं रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल एवं उज्जवला योजना के लाभाथ्रियों को निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेण्डर रिफिल | प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को प्रति वर्ष 02 सिलेण्डर रिफिल निःशुल्क प्रदान किया जाता है। |
| | | | 2- | 4408-खाद्य भण्डारण तथा भंडागार पर पूंजीगत परिव्यय-01-खाद्य-101-अधिप्राप्ति तथा पूर्ति-03-अन्न पूर्ति योजना-43-सामग्री एवं सम्पूर्ति | किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाए जाने के उद्देश्य से चलाये जाने वाली मूल्य समर्थन योजना में रबी क्रय योजना के अन्तर्गत गेहूँ, खरीफ क्रय योजना के अन्तर्गत धान, तथा मोटा अनाज यथा ज्वार, बाजरा, मक्का एवं कोदो की खरीद सम्बन्धी किसानों को भुगतान किए जाने वाले समर्थन मूल्य का भुगतान इस लेखाशीर्षक से किया जाता है। |
| | | | 3- | 4408-खाद्य भण्डारण तथा भंडागार पर पूंजीगत परिव्यय-01-खाद्य-800 -अन्य व्यय-04-खाण्डसारी शक्कर वितरण योजना-42 अन्य व्यय | अन्त्योदय योजना के लाभार्थियों को चीनी का वितरण किया जाता है। |
| | ख- | क्या वर्तमान में उक्त वित्तीय वर्ष की योजनाओं में कोई बढोत्तरी की गयी है या केवल बजट ही बढाया गया है ? | वर्तमान में उक्त वित्तीय वर्ष की योजनाओं में बढ़ोत्तरी की गई है जो निम्नवत् है :-<br>अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण -<br>वर्तमान में प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत 79,267 उचित दर विक्रेता कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | कराया जा रहा है। उचित दर विक्रेताओं द्वारा उक्त दुकानों का संचालन अपने निजी मकानों से अथवा किराए की दुकान से किया जा रहा है। अधिकांशतः उचित दर दुकानें संकरी गलियों में अवस्थित होने के कारण सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू किए जाने तथा खाद्यान्न के वाहनों को दुकान तक पहुंचने में कठिनाई होती है।<br>उक्त के अतिरिक्त ग्राम पंचायत में कार्यरत उचित दर विक्रेता के मृतक होने,उचित दर दुकान के निलम्बित होने, निरस्त होने अथवा इस्तीफा देने की स्थिति में उचित दर दुकान का सम्बद्धीकरण दूसरी उचित दर दुकान पर किया जाता है तथा अवशेष खाद्यान्न का सम्बद्ध विक्रेता के यहां स्थानान्तरण कराते हुए, आगामी वितरण उसी उचित दर दुकान से किया जाता है, जिससे कार्डधारकों को खाद्यान्न प्राप्त करने में असुविधा होती है। उक्त के अतिरिक्त ऐसे नियुक्त विक्रेता जो आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं, वह अपनी उचित दर दुकान का निर्माण स्वयं के निजी स्रोतों से नहीं कर पाते हैं। इसलिए विभाग द्वारा अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कराया जा रहा है।<br>उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण हेतु विभागीय बजट में रू0 200.00 करोड़ का प्रावधान किया गया है। |
| | ग- | क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उपरोक्तानुसार |
| | घ- | यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्य मंत्री**